भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 932

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024
सोमवार, 7 श्रावण, 1946 (शक)

कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए नामांकित पुरुष/महिला

932. श्री बृजमोहन अग्रवाल: श्री पी. पी. चौधरी:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए छत्तीसगढ़ और राजस्थान राज्यों से नामांकित कुल युवाओं (पुरुष और महिला) की संख्या कितनी है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रशिक्षण के बाद रोजगार या नियुक्ति पाने वाले राज्यों के युवाओं (पुरुष और महिला अलग-अलग) की संख्या कितनी है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस कार्यक्रम के लिए आवंटित और व्यय की गई कुल धनराशि कितनी है;

(घ) क्या सरकार का विचार छत्तीसगढ़ और राजस्थान के पिछड़े जिलों में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख योजना प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ और राजस्थान राज्य सहित देश भर में युवाओं को अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना तथा पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशलोन्नयन एवं पुनर्कौशलीकरण विकास प्रदान करना है।

विगत तीन वर्षों (वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24) के दौरान पीएमकेवीवाई के अंतर्गत छत्तीसगढ़ और राजस्थान राज्यों में नामांकित पुरुष और महिला उम्मीदवारों सहित कुल उम्मीदवारों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	**राज्य**	**कुल नामांकित उम्मीदवार**	**नामांकित पुरुष उम्मीदवार**	**नामांकित महिला उम्मीदवार**
1	छत्तीसगढ़	32,004	12,193	19,810
2	राजस्थान	281,132	157,990	123,142

(ख) इस स्कीम के पहले तीन संस्करणों - पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 - में अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक में नियोजन को ट्रैक किया गया था, जिसे वित्त-वर्ष 2015-16 से वित्त-वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किया गया था। तथापि, पीएमकेवीवाई 4.0 में, जो कि वित्त-वर्ष 2022-23 से कार्यन्वित की जा रही स्कीम का वर्तमान संस्करण है, इस स्कीम से नियोजन को पृथक कर दिया गया है। विगत तीन वर्षों (वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24) के दौरान पीएमकेवीवाई के तहत छत्तीसगढ़ और राजस्थान राज्यों में नियोजित किए गए पुरुष और महिला उम्मीदवारों की संख्या सहित कुल उम्मीदवारों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	**राज्य**	**कुल नियोजित उम्मीदवारों को सूचना**	**नियोजित पुरुष उम्मीदवारों को सूचना**	**नियोजित महिला उम्मीदवारों को सूचना**
1	छत्तीसगढ़	1,283	613	670
2	राजस्थान	17,082	8,950	8,132

(ग) पीएमकेवीवाई 2.0 और 3.0 के अंतर्गत दो घटक अर्थात केंद्र प्रायोजित केंद्रीय प्रबंधित (सीएससीएम) घटक, जिसे राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से और केंद्र प्रायोजित राज्य प्रबंधित (सीएसएसएम) घटक, जिसे राज्यों/राज्य कौशल विकास मिशनों (एसएसडीएम) के माध्यम से कार्यान्वित किए गए थें। पीएमकेवीवाई के सीएससीएम घटक में राज्य-वार निधि आवंटन का कोई प्रावधान नहीं था। तथापि, सीएसएसएम घटक के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों को निधि आवंटित की गई थी। पीएमकेवीवाई 4.0 स्कीम को केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है। विगत तीन वर्षों (वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24) के दौरान पीएमकेवीवाई के सीएससीएम घटक के अंतर्गत उपयोग की गई निधि और सीएसएसएम घटक के तहत जारी और उपयोग की गई निधि की राशि छत्तीसगढ़ और राजस्थान राज्यों को नीचे दी गई है:

(राशि करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	**राज्य**	**सीएससीएम**	**सीएसएसएम***	
		उपयोग की गई निधि	**जारी निधि**	**उपयोग की गई निधि**
1	छत्तीसगढ़	19.51	-	-
2	राजस्थान	109.28	-	11.83

* विगत तीन वर्षों के दौरान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान राज्यों को राज्य घटक (सीएसएसएम) के अंतर्गत निधि जारी नहीं की गई है। पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत, पीएमकेवीवाई 2.0 के अव्ययित निधि को पीएमकेवीवाई 3.0 में आगे ले जाने का प्रावधान था।

(घ) और (ङ) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्रों को ऑनलाइन पोर्टल स्किल इंडिया डिजिटल हब के माध्यम से प्रत्यायन और संबद्धता की प्रक्रिया के माध्यम से सूचीबद्ध किया जाता है। पीएमकेवीवाई (2.0 से 4.0) के तहत, दिनांक 30.06.2024 तक, छत्तीसगढ़ और राजस्थान राज्य के आकांक्षीय जिलो में क्रमशः 192 और 225 प्रशिक्षण केंद्रों को सूचीबद्ध किया गया है।

*****